सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

# मिशन शिक्षण संवाद

## SWAMI VIVEKANAND QUIZ COMPETITION-2020



''उठो, जागो और तब तक न रुको जब तक कि लक्ष्य कि प्राप्ति न हो जाये।'' 'स्वामी विवेकानन्द'

सत्य, प्रेम त्याग और मानवता का संदेश देने वाले भारत के गौरव के प्रतीक स्वामी विवेकानन्द के जीवन पर आधारित.........................

# 250 प्रश्नों का अनुपम संकलन

संकलन
टीम मिशन शिक्षण संवाद

# अपनी बात

भारत की पवित्र धरा पर जन्म लेकर पूरी दुनिया को सत्य, प्रेम, त्याग और मानवता का संन्देश देने वाले तपस्वी, ज्ञानी और भारत के गौरव के प्रतीक महान विभूति स्वामी विवेकानन्द सम्पूर्ण मानव जगत के लिए एक आदर्श महापुरूष है, साथ ही उनका जीवन दर्शन हम सभी शिक्षकों के लिए, बच्चों के लिए, मिशन शिक्षण संवाद के लिए विभिन्न मार्गदर्शी शिक्षाओं सहित नैतिक मूल्यों का आदर्श केन्द्र भी है।

कहते हैं बचपन में जिन आदतों का व नैतिक मूल्यों का विकास हो जाता है वह आजीवन साथ रहता है।

अतः हमारे प्राथमिक स्तर के बच्चों में स्वामी विवेकानन्द के जीवन से जुड़े प्रेरणात्मक तथ्यों के द्वारा नैतिक मूल्य स्थापित हों जिससे आज के बच्चे और कल के राष्ट्र के भावी कर्णधार राष्ट्र के गौरव को अक्षुण्य रख सकें और देश को एक नई दिशा प्रदान करें।

शायद यही तथ्य हमारे बेसिक शिक्षा मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं शिक्षा विद् डॉ0 सतीश चन्द्र द्विवेदी जी के मानस पटल में रहें होंगे तभी आदरणीय द्विवेदी जी नें 23 अक्टूबर 2019 को मिशन शिक्षण संवाद शैक्षिक गुणवत्ता कार्यशाला लखनऊ में अपने प्रेरणात्मक उद्‌बोधन के दौरान अवगत कराया था कि स्वामी विवेकानन्द के जन्म दिवस 12 जनवरी से 19 जनवरी तक अभिव्यक्ति सप्ताह मनाया जायेगा, जिसके अन्तर्गत बच्चे विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से रचनात्मक, ज्ञानात्मक व नैतिक कौशल को विकसित कर सकेंगे।

माननीय बेसिक शिक्षा मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ0 सतीश चन्द्र द्विवेदी जी के उद्‌बोधन से प्रेरणा लेते हुए टीम मिशन शिक्षण संवाद द्वारा SWAMI VIVEKANAND QUIZ COMPETITION-2020 हेतु स्वामी विवेकानन्द के जीवन से जुड़े 250 प्रश्नोत्तरी हस्तगत की जा रही है। इस प्रश्नोत्तरी के माध्यम से उ0प्र0 के साथ–साथ सम्पूर्ण भारत के विभिन्न राज्यों में भी स्वैच्छिक रूप से जनपदस्तरीय परीक्षा आयोजित करवाये जाने की अपेक्षा की जाती है।

आशा है कि टीम का यह लघु प्रयास हमारे शिक्षक साथियों व शिक्षिका बहनों के माध्यम से बच्चों में नैतिक व ज्ञानात्मक कौशल विकसित करने में सफल होगा।

अतः इस ज्ञान यज्ञ में सम्मिलित होने वाले सभी शिक्षक साथियों व शिक्षिका बहनों का आभार प्रकट करते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनायें!

अजय सिंह (स0अ0)
प्राथमिक विद्यालय गजोधरपुर,
सिधौली, सीतापुर।
(सदस्य टीम मिशन शिक्षण संवाद)

1. स्वामी विवेकानन्द का जन्म कब हुआ? **12 जनवरी 1863 को**
2. स्वामी विवेकानन्द के पिताजी का क्या नाम था? **विश्वनाथदत्त**
3. स्वामी विवेकानन्द जन्म कहाँ हुआ था? **कोलकाता में**
4. स्वामी विवेकानन्द की माताजी का क्या नाम था? **भुवनेश्वरी देवी**
5. भुवनेश्वरी देवी किस देव की अनन्य भक्त थी? **शिव की**
6. स्वामी विवेकानन्द की माता इन्हें प्यार से क्या कहकर पुकारती थी? **विले**
7. 'विले' का जब अन्न प्रासन संस्कार हुआ तो इनका नाम क्या रख दिया गया? **नरेन्द्रनाथ**
8. स्वामी विवेकानन्द का जन्म किस परिवार में हुआ? **दत्त परिवार**
9. विवेकानन्द की माता जी ने प्रारम्भ में इनका क्या नाम रखा था? **वीरेश्वर**
10. स्वामी विवेकानन्द के परदादा का क्या नाम था? **राममोहन दत्त**
11. राममोहन दत्त कहाँ के प्रसिद्व वकील थे? **कलकत्ता हाईकोर्ट के**
12. 'राममोहन दत्त' के इकलौते पुत्र का क्या नाम था? **दुर्गाचरण दत्त**
13. 'दुर्गाचरण' के पुत्र का क्या नाम था? **विश्वनाथ दत्त**
14. विश्वनाथ दत्त के पुत्र का क्या नाम था? **नरेन्द्रनाथ दत्त**
15. नरेन्द्र के जन्म से पूर्व भुवनेश्वरी देवी ने कितनी पुत्रियों को जन्म दिया था? **दो।**
16. भुवनेश्वरी देवी किस प्रकार की महिला थी? **धर्मपरायण**
17. विश्वनाथ दत्त में धार्मिक कट्टरता कैसी थी? **लेशमात्र भी नही**
18. नरेन्द्र का शरीर इतना हष्ट पुष्ट था कि सोलह वर्ष की आयु में बीस वर्ष के लगते थे इसका क्या कारण था? **नियमित व्यायाम व कुश्ती का अभ्यास**
19. विश्वनाथ दत्त किस सभ्यता में विश्वास रखते थे? **पाश्चात्य सभ्यता**
20. स्वामी विवेकानन्द का जन्म कलकत्ता महानगर के किस मोहल्ले में हुआ? **सिमुलिया**
21. दत्त परिवार का पुश्तैनी व्यवसाय क्या था? **वकालत**
22. स्वामी विवेकानन्द का पूर्ववर्ती नाम क्या था? **नरेन्द्रनाथ दत्त**
23. जिस दिन स्वामी जी का जन्म हुआ, उस दिन कौन सी तिथि थी? **मकरसंक्रांति**
24. स्वामी विवेकानन्द का जन्म 12 जनवरी ,1863 को कब हुआ? **प्रातः काल सूर्योदय के समय**
25. स्वामी विवेकानन्द की माताजी ने पुत्र की प्राप्ति के लिये किस देवता की आराधना की? **भगवान शंकर की**
26. बालक नरेन्द्रनाथ की शिक्षा–दीक्षा किस उम्र में प्रारम्भ की गयी? **05 वर्ष**
27. स्वामीजी के पैतृक निवास का क्या नाम था? **दत्तभवन**
28. बाल्यकाल में नरेन्द्रनाथ जिस व्यक्ति से सबसे अधिक प्रभावित हुए और फिर उसी का अनुकरण करने का संकल्प लिया था, वह कौन था? **अपनी गाड़ी के कोचवान**
29. स्वामी जी प्रथम जिस स्कूल में पढ़े, उसका क्या नाम था? **मेट्रोपोलियन इंस्टीट्यूशन**
30. सन 1877 में चौदह वर्ष की अवस्था में नरेन्द्रनाथ अपने पिता के साथ कलकत्ता छोड़कर किस स्थान पर गए थे? **रायपुर**

31. स्वामीजी को अपनी आयु के किस वर्ष में पहला पुरस्कार प्राप्त हुआ था? **16 वर्ष**

32. स्वामी जी ने अपने बाल्यकाल में सबसे पहले किस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करके पुरस्कार प्राप्त किया था? **मुक्केबाजी**

33. बालक नरेन्द्रनाथ का रायपुर से कलकत्ता पुनरागमन उनकी आयु के किस वर्ष में हुआ? **18 वर्ष**

34. स्वामी विवेकानन्द के गुरू का क्या नाम है? **स्वामी रामकृष्ण परमहंस**

35. स्वामी रामकृष्ण परम हंस का जन्म कब हुआ? **18 फरवरी 1836**

36. स्वामी रामकृष्ण परम हंस की मृत्यु कब हुयी? **16 अगस्त 1886**

37. स्वामी रामकृष्ण परमहसं बंगाल के किस जिले के रहने वाले थे? **हुगली**

38. स्वामी रामकृष्णपरमहंस के गाँव का नाम बताइये? **कामारपुकुर**

39. स्वामी रामकृष्ण परमहंस जिस मंदिर के पुजारी बने उसे किसने बनवाया? **रानी रासमणि**

40. स्वामी रामकृष्ण परमहंस जिस मंदिर में पुजारी थे वह कलकत्ता में किस स्थान पर स्थित था? **दक्षिणेश्वर**

41. बालक नरेन्द्रनाथ ने अपनी किशोरावस्था में सबसे पहले किस संगठन की सदस्यता ग्रहण की थी? **साधारण ब्रह्म समाज।**

42. युवा नरेन्द्र नाथ का सर्वाधिक प्रिय विषय क्या था? **दर्शन एवं धर्म**

43. स्वामी रामकृष्ण परमहंस के निर्वाण का समय क्या था? **मध्यरात्रि।**

44. जिस समय स्वामी रामकृष्ण परमहंस का देहान्त हुआ उस समय वे कितने वर्ष के थे? **50 वर्ष**

45. रामकृष्ण संघ के सन्यासियों ने मठ की स्थापना सबसे पहले कहाँ की थी? **वराहनगर मठ**

46. रामकृष्ण परमहंस के वे कौन से भक्त थे, जिन्होंने स्वामी विवेकानन्द से रामकृष्ण परमहंस के अस्थि अवशेष सौंप देने को कहा था? **महात्मा रामचन्द्र दत्त**

47. नरेन्द्र नाथ ने विवेकानन्द नाम तो बहुत बाद में ग्रहण किया था उससे पहले वे किस नाम से जाने जाते थे जब उन्होंने सन्यास ग्रहण किया? **विविदशानन्द**

48. हाथरस रेलवे स्टेशन मास्टर शरतचन्द्र स्वामी जी के साथ कहाँ गये थे? **हरिद्वार–ऋषिकेश**

49. स्वामी जी हरिद्वार–ऋषिकेश की यात्रा के पश्चात पुनः कहाँ गये थे? **वराहनगर मठ**

50. दिसम्बर 1889 में स्वामी जी वैद्यनाथ धाम से किस स्थान पर गये थे? **प्रयाग**

51. जनवरी 1890 में स्वामी जी ने काशी प्रवास के बाद कहाँ के लिये प्रस्थान किया था? **गाजीपुर**

52. जनवरी 1890 में गाजीपुर में स्वामीजी किस सत्पुरूष के यहाँ ठहरे थे? **सतीश बाबू**

53. वर्ष 1890 में स्वामी जी गाजीपुर में कितने दिन तक ठहरे थे? **लगभग 03 माह**

54. जुलाई 1890 में मठ छोड़ने के बाद स्वामी जी सबसे पहले बिहार में कहाँ गये? **भागलपुर**

55. देवघर की यात्रा के पश्चात स्वामी जी कहाँ गये थे? **वाराणसी।**

56. स्वामी जी ऋषिकेश प्रवास के दौरान बीमारी से ठीक होने के बाद अपने स्वास्थ्य सुधार के लिये कहाँ आये थे? **मेरठ**

57. ऋषिकेश से मेरठ आने पर स्वामीजी कहाँ रहने लगे? **एक सेठ की हवेली में।**

58. स्वामी जी ने कितने दिन मेरठ में प्रवास किया था? **05 माह।**

59. अपने अकेले भारत भ्रमण के संकल्प को पूरा करने के लिये स्वामीजी सबसे पहले कहाँ गये थे? **दिल्ली**

60. दिल्ली प्रवास के दौरान स्वामीजी जिस डॉ0 से मिले उसका क्या नाम था? **डॉ0 हेमचन्द्र सेन।**

61. फरवरी 1891 में स्वामी जी अलवर में सबसे पहले किससे मिले? **डॉ गुरूचरन लश्कर**

62. अलवर में स्वामी जी का निवास जिस निवृत्त इं0 के यहाँ था उसका नाम बताइये? **पं0 शम्भू नाथ**

63. अलवर में स्वामी जी से मिलने अलवर के राजा आये थे उनका क्या नाम था? **राजा मंगल सिंह**

64. स्वामी जी अपनी अलवर यात्रा के बाद राजस्थान के किस शहर गये? **जयपुर**

65. जयपुर में स्वामीजी जयपुर राज के सेनापति के घर में ठहरे थे उनका नाम बताइये? **सरदार हरि सिंह**

66. खेतड़ी के तत्कालीन राजा का नाम बताइये? **राजा अजित सिंह**

67. स्वामी जी तथा खेतड़ी के महराज की प्रथम भेंट की तारीख कौन सी थी? **04 जून 1891**

68. स्वामी जी तथा खेतड़ी महाराज की पहली बैठक किस स्थान पर हुयी थी? **माउन्ट आबू के समर पैलेस में।**

69. स्वामी जी खेतड़ी से प्रस्थान करने के बाद कहाँ गये थे? **अजमेर**

70. स्वामी जी अजमेर प्रस्थान करके किस स्थान पर गये? **अहमदाबाद।**

71. स्वामी जी अहमदाबाद में किससे सबसे अधिक प्रभावित हुए? **जैन मंदिर तथा मुस्लिम स्थापत्य**

72. स्वामी जी अहमदाबाद से कहाँ गये थे? **काठियावाड़**

73. स्वामी जी काठियावाड़ में किस पुराने मंदिर के दर्शन किये थे? **सतीरणिकदेवी**

74. जूनागढ़ में स्वामी जी किसके अतिथि बने? **जूनागढ़ के दीवान**

75. जूनागढ़ में स्वामीजी किस स्थान पर कुछ दिन रूककर साधना की थी? **गिरनार की पहाड़ियों के बीच एक गुफा में।**

76. पोरबन्दर में स्वामीजी की मुलाकात उनके एक गुरूभाई से हुयी थी उनका क्या नाम था? **स्वामी त्रिगुणातीतानन्द**

77. स्वामी जी पोरबन्दर से मांडवी की यात्रा पर किसके निमंत्रण पर गये थे? **मांडवी के महाराज**

78. मांडवी की यात्रा पर स्वामी जी ने किस देवी के दर्शन किये थे? **आशापूर्णादेवी**

79. स्वामीजी का महाबलेश्वर में अपने गुरूभाई से पुनः मिलन हुआ उनका नाम बताइये? **स्वामी अभेदानन्द**

80. महाबलेश्वर में स्वामी जी का वास कितने दिनों तक रहा था? **लगभग ढाई महीने**

81. स्वामी जी गुजरात प्रवास एवं महाबलेश्वर में कुछ दिन ठहरने के बाद कहाँ गये? **खंडवा**

82. खंडवा में स्वामी जी जिनके निवास पर कुछ दिनों के लिये रूके थे वह कौन थे? **एक बंगाली सज्जन**

83. खंडवा से स्वामी जी ने किस शहर के लिये प्रस्थान किया था? **मुम्बई**

84. स्वामी जी बौद्वकालीन ऐतिहासिक स्थल कन्हेरी में कितनी गुफाओं का भ्रमण किया था? **109**

85. स्वामी जी मुम्बई में कितने दिन रूके थे? **02 माह**

86. स्वामी जी मुम्बई से पूना कब गये थे? **सितम्बर 1892**

87. बम्बई से पूना जाते समय स्वामी जी को रेलगाड़ी में कौन प्रसिद्व राजनेता मिले थे? **बाल गंगाधर तिलक**

88. स्वामी जी पूना में बाल गंगाधर तिलक के पास कितने दिन ठहरे थे? **08 या 10 दिन**

89. भावनगर के महराज के आग्रह पर स्वामी जी कोल्हापुर क्यों गये थे? **महालक्ष्मी मंदिर के दर्शन करनें**

90. कोल्हापुर से स्वामी जी का प्रस्थान किस शहर की ओर हुआ था? **बेलगाम**
91. बेलगाम में स्वामी जी 09 दिन तक किसके घर पर रूके थे? **हरिपद मित्रा**
92. स्वामी जी ने बेलगाम में किस दम्पति को गुरूदीक्षा दी थी? **हरिपद बाबू**
93. त्रिवेन्द्रम से स्वामी जी सीधे कहाँ गये थे? **कन्याकुमारी**
94. कन्याकुमारी और नागर कोइल के बीच की दूरी कितनी है? **55 मील**
95. कन्याकुमारी के तट से स्वामीजी समुद्र के बीच उन शिलाखण्डों तक कैसे पहुँचे थे? **स्वयं तैरकर**
96. श्रीपाद शिला पर स्वामी जी ने कितने समय ध्यानावस्थित होकर राष्ट्र के उद्वार का चिन्तन किया था? **03 दिन**
97. मदुरै में स्वामी जी किन महानुभाव से मिले थे , जो बाद में उनके शिष्य बन गये? **रामनद के राजा**
98. रामनद के राजा का नाम बताइये जो बाद में स्वामी जी के शिष्य बन गये थे? **भाष्कर सेतु पति**
99. रामेश्वरम दर्शन के पश्चात स्वामी जी वापस कहाँ गये थे? **मद्रास**
100. स्वामी जी का किस स्थान पर पुरातन पंथी पंडितो से बहुत ही उग्र वाद–विवाद हुआ था **पांडिचेरि**
101. हैदराबाद में स्वामी जी ने किस विषय पर एक सार्वजनिक सभा को सम्बोधित किया था? **पश्चिम में मेरा मिशन**
102. प्रारम्भ में स्वामी जी ने अमेरिका के लिये कहाँ से समुद्र यात्रा प्रारम्भ करने का निश्चय किया था? **मद्रास**
103. मद्रास में स्वामी जी सामान्य रूप से केवल स्वामी जी के नाम से ही जाने जाते थे तथापि वहाँ उन्होंने अपना नाम क्या रखा था? **स्वामी सच्चिदानन्द**
104. अप्रैल 1893 में मद्रास से खेतड़ी आकर स्वामी जी खेतड़ी के महराज के पास कितने दिन रूके थे? **लगभग 03 सप्ताह**
105. एक भव्य विदाई सामारोह के बाद खेतड़ी से स्वामी जी किस दिन अमेरिका के लिये रवाना हुये थे? **दस मई 1893**
106. खेतड़ी से बम्बई के लिये स्वामी जी ने किस वाहन से प्रस्थान किया? **खेतड़ी के महाराजा की बैलगाड़ी से**
107. स्वामी जी ने बम्बई से शिकागो के लिये कब प्रस्थान किया था? **31 मई 1893**
108. बम्बई से शिकागो प्रस्थान के समय स्वामी विवेकानन्द क्या पहने थे? **सिर पर राजस्थानी पगड़ी**
109. शिकागो की यात्रा में बम्बई के बाद स्वामी जी का पहला पड़ाव कौन सा था? **कोलम्बो**
110. स्वामी विवेकानन्द ने शिकागो यात्रा के दौरान जहाज कोलम्बो में रूका तो क्या देखा? **भगवान बुद्व की विशाल प्रतिमा**
111. जलयान कोलम्बो के बाद कहाँ रूका? **पेनांग**
112. शिकागो की यात्रा पर स्वामी जी का जलयान सिंगापुर रूका था वहाँ स्वामी जी ने क्या देखा? **वनस्पति उद्यान एवं संग्रहालय**
113. शिकागो की यात्रा में स्वामीजी का जलयान हांगकांग मे कितने दिन रूका था? **तीन दिन**
114. शिकागो की यात्रा के दौरान स्वामी जी का जलयान जापान के किस बन्दरगाह पर रूका था? **नागासाकी**

115. जापान में स्वामी जी किस बात से सबसे अधिक प्रभावित थे? **जापानियों की स्वच्छता एवं साफ सफाई से**
116. स्वामी जी ने जापान के किस शहर को नही देखा था? **हिरोशिमा**
117. जापान के योकोहामा शहर से स्वामी जी ने अमेरिका के किस शहर के लिये जलयान से यात्रा की? **वैंकोवर**
118. अमेरिका में स्वामी जी किस तारीख को पहुँचे थे? **25 जुलाई**
119. अमेरिका में स्वामी जी का जलयान वेनक्यूवन पहुँचा था वहॉ से शिकागो की यात्रा उन्होंने कैसे की? **रेल**
120. जापान से मैसाचुसेट्स आ रही एक महिला से जलयान में स्वामी जी की मुलाकात हुयी थी उसका नाम बताइये? **सुश्री सेनबार्न**
121. स्वामीजी वैंकोवर से कितने दिनों में शिकागो पहुँचे थे? **05 दिन में**
122. शिकागो में स्वामी जी कहाँ ठहरे थे? **एक होटल में**
123. स्वामी जी को शिकागो पहुँचने पर विश्व धर्म सम्मेलन के बारे में क्या जानकारी मिली थी? **विश्वधर्म सम्मेलन की तारीख आगे बढ़ा दी गयी है**
124. शिकागो पहुँचकर स्वामी जी की मुलाकात किस भारतीय राजा से हुयी? **महाराज कपूरथला**
125. स्वामी जी शिकागो में कितने दिनों तक ठहरकर मेटकाफ गये थे?**13 दिन**
126. विश्वधर्म सम्मेलन में भाग लेने की शर्तो को पूरा करने के लिये किस महिला ने स्वामी जी की सहायता की थी? **सुश्री केटी सेन बार्न**
127. केटी सेन बार्न के यहाँ रहते हुए स्वामी जी किस विद्वान से मिले? **जॉन हेनरी राइट**
128. विश्वधर्म सम्मेलन की सामान्य समिति के अध्यक्ष का क्या नाम था? **डॉ जान हेनरी बेरोस**
129. शिकागो में विश्व धर्म सम्मेलन का स्थान कौन सा था? **आर्ट इंस्टीट्यूट ऑफ मिशिगन एवेन्यू**
130. विश्वधर्म सम्मेलन के उद्घाटन की तारीख बताइये? **11 सितम्बर 1893**
131. विश्वधर्म सम्मेलन 11 सितम्बर 1893 से प्रारम्भ होकर कितने दिन चला? **17 दिन**
132. मुख्य उद्घाटन के दिन सभागार में अनुमानित उपस्थिति क्या थी? **07 हजार**
133. विश्वधर्म सम्मेलन में वक्ताओं की सूची में स्वामी जी का कौन सा क्रम था? **इकतीसवां**
134. विश्वधर्म सम्मेलन में स्वामी विवेकानन्द ने किस धर्म के प्रतिनिधि के रूप में हिस्सा लिया था? **हिन्दू धर्म**
135. विश्वधर्म सम्मेलन में किस महानुभाव ने स्वामी जी को अपने भाषण के लिये आमंत्रित करके श्रोताओं से उनका परिचय कराया? **डगबेरोस**
136. विश्व धर्म सम्मेलन में स्वामी जी ने अपना भाषण किस सम्बोधन से प्रारम्भ किया? **मेरे प्रिय अमेरिकी भाइयों और बहनों ।**
137. विश्व धर्म सम्मेलन में स्वामी जी ने अपना अन्तिम भाषण कब दिया था? **27 सितम्बर 1893**
138. विश्व धर्म सम्मेलन 17 दिन तक चला था इसमें स्वामी विवेकानन्द ने कितने दिन श्रोताओं को सम्बोधित किया? **11 दिन**
139. स्वामी जी के अनुसार उन्हें शिकागो में एक व्याख्यान के लिये कितना मानदेय मिलता था? **30 से 80 डालर**

140. शिकागो में स्वामी जी किस नास्तिक किन्तु अमेरिका के सर्वश्रेष्ठ वक्ता से मिले? **रॉबर्ट इंगर सोल**
141. अमेरिका में कौन सी प्रसिद्व गायिका ने स्वामी जी का शिष्यत्व ग्रहण किया? **मैडम इम्माकाल्वे**
142. शिकागो से अमेरिका के दूसरे शहरों में व्याख्यान के लिये स्वामी जी ने कब प्रस्थान किया? **20 नवम्बर 1893**
143. स्वामी जी विश्व धर्म सम्मेलन की अभूतपूर्व सफलता के पहले समाचार भारत में कब आये थे? **नवम्बर 1893 के प्रारम्भ में**
144. ब्रह्म समाज के किस व्यक्ति ने स्वामी जी के खिलाफ अमेरिका में दुष्प्रचार किया था? **प्रताप चन्द्र मजूमदार**
145. स्वामी जी के विश्वधर्म सम्मेलन में व्याख्यान की सफलता का समाचार कलकत्ता के किस अखबार ने छापा था? **इण्डियन मिरर**
146. स्वामी जी के अमेरिका प्रवास के दौरान उनकी सफलता के प्रति उनके सम्मान में पहली सार्वजनिक सभा किस शहर में आयोजित की गयी? **मद्रास**
147. वर्ष 1894 के किस माह के अन्त तक स्वामी विवेकानन्द की यशःकीर्ति भारत के सभी प्रान्तों में फैल गयी थी? **अगस्त 1894**
148. बंगलौर में स्वामी जी के सम्मान में आयोजित सार्वजनिक सभा की अध्यक्षता किसने की? **शेषाद्रिचारी**
149. वर्ष 1895 के प्रारम्भ में स्वामी जी किस शहर में आकर रहने लगे थे? **न्यूयार्क**
150. स्वामी जी अपने छात्रों व शिष्यों को किस विषय का अध्ययन नही कराते थे? **श्री राधाचरित**
151. थाउजेंड आईलैंड पार्क किस नदी के किनारे स्थित था? **सेन्टलारेन्स नदी**
152. स्वामी जी थाउजेंड आईलैन्ड पार्क में एक कविता की रचना की उसका नाम बताइये? **द सांग ऑफ सन्यासी**
153. पेरिस यात्रा के दौरान स्वामी जी के साथ और कौन व्यक्ति थे? **श्री लोगेट**
154. स्वामी जी का लंदन पहुँचने पर किस समाचार पत्र ने उनका साक्षात्कार लिया था? **वेस्ट मिंस्टर गजट**
155. स्वामी जी का लंदन में व्याख्यान किस स्थान पर हुआ था? **प्रिन्सेस हॉल**
156. स्वामी जी का लंदन में पहले व्याख्यान की तारीख बताइये? **22 अक्टूबर 1895**
157. स्वामी जी का लंदन में बैलून सोसाइटी में जो व्याख्यान हुआ था उसमें कौन विशेषज्ञ शामिल हुए थे? **वैज्ञानिक**
158. स्वामी जी अपने प्रथम प्रवास के दौरान लंदन में लगभग कितने महीने रहे थे? **04 महीने**
159. स्वामी जी ने अमेरिका में वेदान्त के प्रचार की दृष्टि से वेदान्त सोसाइटी की स्थापना की थी उसके अध्यक्ष का क्या नाम था? **मि. फ्रेंसिस एच0 लिगेट**
160. स्वामी जी ने न्यूयार्क के मेडिसिन स्क्वायर में अपनी व्याख्यान माला का अन्त किस विषय पर दिये गये व्याख्यान से किया था? **मेरे गुरू**
161. हार्वर्ड विश्वविद्यालय अमेरिका के किस शहर में स्थित है? **बोस्टन**
162. इंग्लैण्ड में अध्ययन हेतु आये स्वामी जी के छोटे भाई का नाम बताइये? **महेन्द्र नाथ दत्त**
163. इंग्लैण्ड में स्वामी जी के दूसरे प्रवास के दौरान उनके साथ एक गुरू भाई रहते थे उनका नाम बताइये? **स्वामी शारदानन्द।**
164. स्वामीजी इंग्लैण्ड के अपने दूसरे प्रवास के दौरान अपने किस शिष्य के घर में रहते थे? **लेडी इसाबेल मार्गेसन**

165. प्रोफेसर मैक्स मूलर से स्वामीजी कब मिले? **28 मई 1896**
166. स्वामी जी मैक्स मूलर से भेंट करने के लिये किसके साथ गये? **मि. एरिक हेमंड**
167. स्वामी जी के अनुज श्री महेन्द्र नाथ दत्त ने स्वामी जी के इंग्लैण्ड प्रवास की जानकारी किस पुस्तक में? **दी लोडेन विवेकानन्द।**
168. इंग्लैण्ड के बाद स्वामी जी ने किस देश की यात्रा की? **स्विट्जरलैण्ड**
169. स्वामीजी स्विट्जरलैण्ड यात्रा के दौरान वहाँ के छोटे से गाँव में ठहरे थे उसका नाम बताइये? **सॉस–फी**
170. वर्ष 1896 में स्वामीजी इंग्लैण्ड से यूरोप के अन्य देशों की यात्रा करके कितने दिनों में लंदन लौटे थे? **लगभग 06 सप्ताह**
171. इंग्लैण्ड में स्वामी जी के राजयोग पर दिये गये व्याख्यानों के संकलन की पुस्तक का प्रकाशन कब किया गया? **अक्टूबर 1896**
172. स्वामी जी नें लंदन से भारत लौटने की चर्चा सबसे पहले अपने किस विश्वस्त मित्र से की? **कैप्टन और मिसेस सिवियर**
173. भारत में नवम्बर 1896 में पड़े अकाल की स्थिति से निपटने के लिये किस महिला ने स्वामी जी को बहुत बड़ी रकम सहायतार्थ दी थी? **मि. मिलिन सॉटर**
174. स्वामी जी नें लंदन में अपना अंतिम व्याख्यान 10 दिसम्बर 1896 को किस विषय पर दिया था? **अद्वैत वेदान्त**
175. स्वामी जी भारत मे आकर अपने पहले प्रथम तीन केन्द्रो की स्थापना किन शहरों में करना चाहते थे? **कलकत्ता, मद्रास, तथा एक हिमालय क्षेत्र में**
176. लंदन से भारत प्रस्थान के विदाई समारोह में विदाई भाषण किसने दिया था? **मि0ई0टी0 स्टर्डी**
177. स्वामी जी ने जिस जलयान से नेपल्स (इटली) से कोलम्बो तक की यात्रा की थी उसका नाम क्या था? **प्रिन्ज रीजेन्ट ल्युटपोल्ड**
178. वर्ष 1897 में लंदन से भारत वापसी पर स्वामी जी किस बंदरगाह पर उतरे थे? **सिलोन**
179. स्वामी जी श्रीलंका के कोलम्बो में किस तारीख को पहुँचे थे? **15 जनवरी**
180. कोलम्बो में स्वामी जी के कौन से गुरू भाई उनकी अगवानी करने आये थे? **स्वामी निरंजनानन्द**
181. कोलम्बो में स्वामी जी का ऐतिहासिक स्वागत किया गया था वहॉ उन्हें क्या पदवी प्रदान की गयी थी? **राष्ट्रीय हीरो**
182. 15 जनवरी 1897 को कोलम्बो पहुँचने पर स्वामी जी का सर्वप्रथम स्वागत किसने किया था? **पी. कुमार स्वामी**
183. कोलम्बो से भारत की धरती पर स्वामी जी का आगमन किस दिन हुआ? **26 जनवरी 1897**
184. स्वामी जी ने रामकृष्ण मिशन की स्थापना कब की थी? **01 मई 1897**
185. श्रीलंका में स्वदेश आगमन पर स्वामी जी भारत में सबसे पहले किस स्थान पर उतरे थे? **पाबन**
186. मद्रास में स्वामी जी के सम्मान में अभिनन्दन पत्र किन महानुभाव ने पढ़ा? **एम0ओ0पार्थसारथीआयंगर**
187. मद्रास पहुँचने पर सबसे पहले स्वामी जी का सार्वजनिक स्वागत किस रेलवे स्टेशन पर किया गया था? **मद्रास एगमोर**
188. स्वामी जी को मद्रास से कलकत्ता तक की यात्रा में कितने दिन लगे थे? **05 दिन**

189. मद्रास से कलकत्ता तक की यात्रा में स्वामी जी के साथ किन दो गुरू भाईयों ने यात्रा की थी? **स्वामी शिवानन्द एवं स्वामी निरन्जनानन्द**

190. स्वामी जी ने स्त्री शिक्षा के बारे में सबसे पहले किस व्यक्ति से विचार विमर्श किया? **शरतचन्द्र चक्रवर्ती**

191. रामकृष्ण मिशन के सबसे पहले अध्यक्ष का नाम बताइये? **स्वामी ब्रम्हानन्द**

192. रामकृष्ण मिशन के गठन में स्वामी जी का क्या स्थान था? **परमाध्यक्ष**

193. स्वामी जी द्वारा रामकृष्ण मिशन के गठन के सम्बन्ध में उनके जिन गुरू भाई ने कुछ आशंका व्यक्त की थी उनका नाम बताइये? **स्वामी योगानन्द**

194. रामकृष्ण मिशन को किस वर्ष में एक वैधानिक व कानूनी स्वरूप प्रदान किया गया? **वर्ष 1901**

195. रामकृष्ण मठ और रामकृष्ण मिशन का मुख्य कार्यालय कहाँ है? **बेलूर मठ कलकत्ता**

196. अमेरिका से भारत वापस लौटने पर स्वामी जी ने हिमालय की यात्रा कब शुरू की थी? **06 मई 1897 को**

197. अल्मोड़ा में स्वामी जी कितने दिन तक रूके थे? **12 सप्ताह**

198. स्वामी जी तब किस शहर से होकर अमृतसर गये थे जो अब पाकिस्तान में है? **मूरी**

199. स्वामी जी के श्रीनगर प्रवास के समय कश्मीर का वजीर (प्रधानमंत्री) कौन था जो बाद में उनका अनुयायी बन गया? **राजा अमर सिंह**

200. कश्मीर से स्वामी जी ने किस शहर की यात्रा की थी जो अब पाकिस्तान में है? **सियालकोट**

201. लाहौर में स्वामी जी ने आर्य समाज के विद्वानों के सम्मुख हिन्दुओं के किस कर्मकाण्ड पर व्याख्यान दिया था जिसका आर्य समाज में विरोध था? **श्राद्व**

202. भारत में भगिनी निवेदिता (मार्गरेट नोबेल) मद्रास होते हुए कलकत्ता कब आयी थी? **28 जनवरी 1898**

203. बेलूर मठ किस नदी के किनारे स्थित है? **गंगा नदी**

204. बेलूर मठ के निर्माण में किस व्यक्ति का विशेष योगदान था? **श्री हरिप्रसन्न**

205. बेलूर मठ की स्थापना के लिये जमीन कब खरीदी गयी थी? **मार्च 1898**

206. वर्ष 1898 में प्लेग की महामारी शांत होने पर सेवाकार्य समाप्ति के बाद स्वामी जी कलकत्ता से पुनः कहाँ गये थे? **अल्मोड़ा**

207. वर्ष 1898 में स्वामी जी भारत की किस प्रसिद्व महिला से अल्मोड़ा में? **मिले श्रीमती एनीबेसन्ट**

208. स्वामीजी किस तारीख को शंकराचार्य पर्वत पर स्थित शिवमंदिर का दर्शन करने गये थे? **29 जून 1898**

209. वर्ष 1899 में स्वामी जी ने कलकत्ता से एक बंगला समाचार पत्रिका का प्रकाशन प्रारम्भ किया था उस पत्रिका का नाम बताइये? **उद्‌बोधन**

210. उद्‌बोधन पत्रिका के प्रथम सम्पादक का नाम बताइये? **स्वामी भूमानन्द**

211. फरवरी 1893 में स्वामी जी किसके साथ देवेन्द्र नाथ टैगोर से मिलने और उनका आशीर्वाद प्राप्त करने गये थे? **भगिनी निवेदिता**

212. स्वामी जी दूसरी बार अमेरिका यात्रा पर कब गये थे? **20 जून 1899**

213. स्वामीजी ने अपनी दूसरी अमेरिका यात्रा के लिये कहाँ से प्रस्थान किया? **कलकत्ता**

214. स्वामी जी ने अपनी दूसरी अमेरिका यात्रा का प्रारम्भ किस जलयान से किया? **एस0एस0गोलकुण्डा**

215. स्वामी जी ने अपने न्यूयार्क प्रवास के दौरान एक पुस्तक लिखी थी उसका क्या नाम था? **इण्डिया एण्ड हर पीपुल**

216. अमेरिका का अपना दूसरा प्रवास पूरा करके 26 जुलाई 1900 को स्वामी जी किस देश की यात्रा पर गये थे? **फ्रांस**

217. पेरिस में स्वामी जी किस विशिष्ट भारतीय विज्ञानी के सम्पर्क में आये थे? **डॉ0 जगदीश चन्द्र बसु**

218. फ्रान्स में स्वामीजी ने किस प्रसिद्व बुद्विजीवी विचारक को अपनी आध्यात्मिक प्रतिभा से प्रभावित किया? **विक्टर हयूगो**

219. पश्चिम देशों की यात्रा के बाद स्वामी जी बेलूर मठ कब आये थे? **09 दिसम्बर 1900**

220. वर्ष 1900 में स्वामी जी के भारत आगमन से पहले किस विदेशी भक्त की मृत्यु हो गयी? **मि0 सेवियर**

221. स्वामी जी पर अगाध श्रद्वा रखने वाले उनके भक्त श्रीमती और श्री सेवियर कहाँ रहते थे? **मायावती**

222. श्रीराम कृष्ण मठ के विधिवत गठन के पश्चात उसके पहले अध्यक्ष का क्या नाम था? **स्वामी ब्रह्मानन्द**

223. स्वामी जी ने 25 मार्च 1901 को अपनी मॉ तथा अन्य कुटुम्बीजनों के साथ ब्रह्मपुत्र नदी में किस स्थान पर स्नान किया था? **लांगलबाँध**

224. वर्ष 1901 में जापान आने के लिये स्वामी जी को किस जापानी मित्र ने 300 रू0 की राशि? **श्री ओकाकुरा**

225. वर्ष 1901 बेलूर मठ की दुर्गापूजा स्वामी जी ने किस महीयसी के सानिध्य में सम्पन्न की थी? **माँ शारदा देवी**

226. स्वामी जी ने अपना 39 वाँ जन्मदिन किस स्थान में मनाया था? **बोधगया**

227. स्वामी जी की बोधगया और वाराणसी की यात्रा में जापान से आये उनके कौन प्रशंसक साथ में थें? **ओकाकुरा**

228. स्वामी जी का उपचार करने वाले सुप्रसिद्व चिकित्सक महानन्द सेन गुप्ता किस उपचार पद्वति के चिकित्सक थे? **आयुर्वेद**

229. स्वामी विवेकानन्द शिला स्मारक कहाँ स्थित है? **कन्याकुमारी**

230. स्वामी विवेकानन्द शिला स्मारक का विधिवत उद्वघाटन कब किया गया था? **1970**

231. विवेकानन्द केन्द्र की स्थापना एक नाथ राना डे द्वारा कब की गयी? **07 जनवरी 1972**

232. अपने जीवन के अन्तिम दिनों में स्वामी जी ने अपने शिष्यों से कहकर कौन सी वस्तु मँगवायी थी? **पंचाग**

233. अपने जीवन के अंतिम दिनों में स्वामी जी अपने किस निकटतम सम्बन्धी से मिलने उसके घर गये थे? **अपनी बहन के घर**

234. स्वामी जी द्वारा किस दिन अपने शरीर का त्याग किया गया था? **04 जुलाई 1902**

235. 04 जुलाई 1902 को कौन सी तिथि थी? **चतुर्दशी**

236. स्वामी जी ने जिस समय अपना देह त्याग किया उस समय उनकी आयु क्या थी? **39 वर्ष**

237. स्वामी जी के पार्थिव शरीर को अंतिम संस्कार से पहले कहाँ रखा गया था? **मठ में बिल्व वृक्ष के नीचे**

238. 04 जुलाई 1902 को स्वामी जी ने किस समय अपनी देह का त्याग किया था? **रात्रि 9:10 बजे**

239. 05 जुलाई 1902 को स्वामी जी के पार्थिव शरीर का अन्तिम संस्कार गंगा किनारे निर्धारित स्थान पर किस समय किया गया? **दोपहर 02 बजे**

240. मठ के जिस स्थान पर स्वामी का अन्तिम संस्कार किया गया था वहॉ आज क्या है? **मंदिर**

241. गंगा तट पर जिस स्थान पर स्वामी जी का अंतिम संस्कार किया गया था ठीक उसी के सामने गंगापार किसका अंतिम संस्कार हुआ था? **स्वामी रामकृष्ण परमहंस**

242. स्वामी जी ने अपना सबसे पहला हिन्दी भाषण कहां दिया था? **अल्मोड़ा**

243. स्वामी विवेकानन्द एक योगी की तरह पैदा हुये थे और एक योगी की तरह उन्होने मृत्यु का वरण किया था यह किसने कहा? **उद्‌बोधन पत्रिका में प्रकाशित**

244. स्वामी विवेकानन्द के जीवन पर आधारित हिन्दी में एक उपन्यास 'तोड़ो कारा तोड़ो' के लेखक कौन है? **नरेन्द्र कोहली**

245. वर्तमान में रामकृष्ण मिशन के अध्यक्ष कौन है? **स्वामी आत्मस्थानन्द**

246. रामकृष्ण मिशन तथा रामकृष्ण मठ के देश व विदेशों में कितने केन्द्र है? **171**

247. रामकृष्ण मिशन एवं रामकृष्ण मठ का घोष वाक्य क्या है।? **'आत्मनो मोक्षार्थ जगद्विताय च'**

248. रामकृष्ण कथा मृतम् पुस्तक के लेखक का नाम बताइये? **महेन्द्र नाथ गुप्त**

249. स्वामी विवेकानन्द के जीवन से प्रेरणा लेकर विवेकानन्द इंस्टीट्यूट ऑफ वेल्यू एण्ड कल्चर किस शहर में स्थापित किया गया है? **पोरबन्दर**

250. स्वामी जी के देहावसान के दिन 04 जुलाई 1902 को ही वाराणसी में स्वामी की प्रेरणा सें एक संस्था की प्रतिष्ठा हुयी। उसका नाम बताइये? **श्री राम कृष्ण अद्वैतआश्रम**

आओ हाथ से हाथ मिलायें                                    बेसिक शिक्षा का मान बढ़ायें।



# मिशन शिक्षण संवाद

## SWAMI VIVEKANAND QUIZ COMPETITION-2020

## मॉडल प्रश्न पत्र

परीक्षार्थी का नाम–.........................................

अनुक्रमांक(अंकों में)........................................ कक्ष निरीक्षक के हस्ताक्षर

अनुक्रमांक(शब्दों में)........................................ ब्लाक–..........................................................

विद्यालय का नाम–........................................ परीक्षा केन्द्र का नाम..................................

जनपद–.........................................................

1. स्वामी विवेकानन्द का पूर्ववर्ती नाम क्या था?
   (A) महेन्द्र नाथ दत्त (B) नरेन्द्र नाथ दत्त
   (C) सिद्वार्थ (D) सुरेन्द्र नाथ
2. विश्व धर्म सम्मेलन के उद्घाटन की तारीख बताइये?
   (A) 11 सितम्बर 1893 (B) 12 सितम्बर 1893
   (C) 13 सितम्बर 1893 (D) 14 सितम्बर 1893
3. स्वामी जी ने अपना 39 वां जन्मदिन किस स्थान पर मनाया था?
   (A) बोधगया (B) कोलकाता।
   (C) वाराणसी (D) बैद्यनाथ धाम
4. रामकृष्ण मिशन एवं रामकृष्ण मठ के देश व विदेश में कितने केन्द्र हैं?
   (A) 175 (B) 190
   (C) 171 (D) 180
5. स्वामी विवेकानन्द ने देहत्याग कब किया?
   (A) 05 जुलाई 1902 (B) 06जुलाई 1902
   (C) 07 जुलाई 1902 (D) 04 जुलाई 1902

**नोट :– परीक्षा में इस तरह से स्वामी विवेकानन्द के जीवन वृत्त पर आधारित 50 बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जायेंगे जिनका उत्तर, उत्तर पत्रक मे सही विकल्प वाले गोले को नीले/काले बालपेन से काला करके देना है।**

आओ हाथ से हाथ मिलायें

बेसिक शिक्षा का मान बढ़ायें।



# मिशन शिक्षण संवाद

उत्तर पत्रक

## SWAMI VIVEKANAND QUIZ COMPETITION-2020

अनुक्रमांक (अंकों में) ________ परीक्षा केन्द्र का नाम ________

दिनांक ________

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ | 26 | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| 2 | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ | 27 | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| 3 | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ | 28 | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| 4 | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ | 29 | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| 5 | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ | 30 | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| 6 | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ | 31 | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| 7 | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ | 32 | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| 8 | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ | 33 | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| 9 | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ | 34 | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| 10 | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ | 35 | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| 11 | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ | 36 | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| 12 | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ | 37 | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| 13 | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ | 38 | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| 14 | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ | 39 | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| 15 | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ | 40 | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| 16 | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ | 41 | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| 17 | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ | 42 | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| 18 | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ | 43 | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| 19 | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ | 44 | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| 20 | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ | 45 | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| 21 | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ | 46 | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| 22 | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ | 47 | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| 23 | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ | 48 | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| 24 | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ | 49 | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| 25 | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ | 50 | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |

ह0 परीक्षार्थी

ह0 कक्ष निरीक्षक

कुल हल किये गये प्रश्नों की संख्या

ह0 परीक्षक

ह0 प्राप्तांक